देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 18 अंक: 296 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...
चुनाव की अहमियत



देहरादून, गुरूवार, 7 मार्च 2024

# पेज श्री



PAGE 3 PUBLICATION

मौसम अधिकतम 21.0° न्यूनतम 11.0° | 73872.29 | 2 टेक्सस में भीषण आग ने मचाया कहर | 7 पंत का नाम लेकर रोहित ने धो दिया

# जो हुआ उससे पूरा देश शर्मसार

## संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं से मिले पीएम, टीएमसी और विपक्षी गठबंधन को सुनाई खरी–खोटी

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

कोलकाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिला रैली को संबोधित करने पश्चिम बंगाल में उत्तर 24 परगना जिले के बारासात पहुंचे। इस दौरान उनका अभिनंदन किया गया। इसके बाद पीएम मोदी ने लोगों को संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन की शुरुआत भारत माता की जय, जय मां काली और जय मां दुर्गा के जयकारे के साथ की। उन्होंने संदेशखाली मामले में ममता बनर्जी की सरकार को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि बंगाल की ये भूमि नारीशक्ति की बहुत बड़ी प्रेरणा केंद्र रही है, यहां से नारीशक्ति ने देश को दिशा दी है। इस धरती ने अनेक शक्ति स्वरूपा इस देश को दी है, लेकिन इसी धरती पर तृणमूल कांग्रेस के राज में नारीशक्ति पर अत्याचार का घोर पाप हुआ है। संदेशखाली जो कुछ भी हुआ, उससे किसी का भी सिर शर्म से झुक जाएगा, लेकिन यहां की टीएमसी सरकार को, आपके दुख से कोई फर्क नहीं पड़ता। टीएमसी सरकार बंगाल की महिलाओं के गुनाहगारों को बचाने के लिए पूरी शक्ति लगा रही है, लेकिन उन्हें पहले हाइकोर्ट और फिर सुप्रीम कोर्ट से भी राज्य सरकार को झटका लगा है।

पीएम मोदी ने कहा कि गरीब, दलित, आदिवासी परिवारों की बहन–बेटियों के साथ टीएमसी के नेता जगह–जगह अत्याचार कर रहे हैं, लेकिन टीएमसी सरकार को अपने अत्याचारी नेता पर भरोसा है, बांग्ला बहन–बेटियों पर भरोसा नहीं है। बंगाल की महिलाएं, देश की महिलाएं आक्रोश में हैं। नारीशक्ति के आक्रोश का ये ज्वार संदेशखाली तक ही सीमित नहीं रहने वाला।

वहीं दूसरी तरफ भाजपा की केंद्र है, जिसने बलात्कार और रेप जैसे संगीन अपराध के लिए फांसी की सजा तक की व्यवस्था की है। संकट के समय बहनें आसानी से शिकायत कर सकें, इसके लिए महिला हेल्पलाइन बनाई गई है, लेकिन टीएमसी सरकार इस व्यवस्था को यहां लागू नहीं होने दे रही है। भारत की नारीशक्ति विकसित भारत की एक सशक्त स्तंभ है। भारत की नारीशक्ति की आर्थिक शक्ति बढ़े, इसके लिए बीते 10 वर्षों में भाजपा सरकार ने लगातार काम किया है। वो इस राज्य के विकास को आगे नहीं बढ़ने दे रहा। इसलिए आप सभी बहनों को विपक्ष के इंडी गठबंधन को हराना हैं, देश के कोने–कोने में कमल खिलाना हैं।

### अबकी बार एनडीए सरकार 400 पार!



पीएम मोदी ने कहा कि बीते 10 वर्षों में भाजपा ने बंगाल और देश के विकास के लिए बहुत ईमानदारी से प्रयास किया है। ऐसे काम को देखते हुए ही पूरा देश कह रहा है, पश्चिम बंगाल कह रहा है, हर माता, बहन कह रही है – अबकी बार एनडीए सरकार 400 पार!

### भारत की पहली अंडरवॉटर मेट्रो रेल को हरी झंडी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को पश्चिम बंगाल के दौरे पर रहे। इस दौरान पीएम ने राजधानी कोलकाता में 15,400 करोड़ रुपये की कई कनेक्टिविटी परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। अपने दौरे में पीएम मोदी ने छह नई मेट्रो ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। इसमें भारत की पहली अंडरवॉटर मेट्रो रेल परियोजना भी शामिल है। यह परियोजना हावड़ा मैदान और एस्प्लेनेड के बीच चालू हुई है। इसके साथ भारत में नदी के नीचे पहली सुरंग भी यातायात के लिए खुल जाएगी। उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री ने अंडरवॉटर मेट्रो रेल की सवारी भी की। अंडरवाटर मेट्रो रेल ईस्ट–वेस्ट मेट्रो गलियारा का हिस्सा है।

## आज भी लालटेन की लौ के भरोसे जी रहे इंडी गठबंधन के लोग

पीएम मोदी ने बिहार को 12800 करोड़ की सड़क, गैस और आईटी विकास परियोजनाओं की सौगात दी। पीएम मोदी 109 किलोमीटर लंबी इंडियन ऑयल की मुजफ्फरपुर–मोतिहारी एलपीजी पाइपलाइन का भी उद्घाटन किया। वहीं पीएम मोदी ने लालू परिवार पर फिर से हमला बोला। उन्होंने कहा कि जंगलराज लाने वालों को अपने परिवार की चिंता की। पीएम मोदी ने कहा कि विकसित बिहार के लिए मोदी की गारंटी मैं यहां के युवाओं को दे रहा हूं। राजद, कांग्रेस और इंडी गठबंधन आज भी 20वीं सदी की दुनिया में जी रहा है। हम सोलर लगाने की बात करते हैं। इसको लेकर विकास योजनाओं का शुभारंभ करते हैं लेकिन इंडी गठबंधन के लोग आज भी लालटेन की लौ के भरोसे जी रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम मोदी पर बयान देकर फंसे राहुल गांधी

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के चलते भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के लिए एक एडवाइजरी जारी की है। पीएम मोदी के खिलाफ कुछ टिप्पणियों से संबंधित मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश और उनके जवाब सहित सभी तथ्यों पर विचार करने के बाद भारत के चुनाव आयोग ने उन्हें भविष्य में अधिक सावधान और सतर्क रहने की सलाह दी है।

### सेवा क्षेत्र नीति आगामी कैबिनेट में प्रस्तुत करने के निर्देश

संवाददाता देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में सेवा क्षेत्र नीति लागू करने के लिये प्रस्ताव आगामी कैबिनेट में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही कार्यों में शीघ्रता एवं तेजी लाये जाने के लिये नीतिगत मामलों को छोड़कर शेष विषयों पर विभागीय स्तर पर निर्णय लेकर कार्यों का त्वरित निस्तारण किये जाने के भी निर्देश दिये हैं।

# सीबीआई ने शाहजहां शेख को हिरासत में लिया

## कलकत्ता हाई कोर्ट के फैसले के बाद सीआईडी ने दी कस्टडी

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के संदेशखाली हिंसा मामले में पकड़े गए पूर्व टीएमसी नेता शाहजहां शेख से अब सीबीआई पूछताछ करेगी। कोलकाता में हाई कोर्ट के फैसले के बाद सीबीआई ने शाहजहां शेख को अपनी कस्टडी में लिया है। इससे पहले कोलकाता में शाहजहां शेख को लेकर काफी हाईवोल्टेज ड्रामा देखने को मिला।

कलकत्ता हाईकोर्ट ने सीआईडी से शाहजहां शेख की कस्टडी सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया तो सीआईडी ने इसका विरोध किया। राज्य सरकार की तरफ से यह मामला सुप्रीम कोर्ट में रखा गया, लेकिन जब सुप्रीम कोर्ट के तुरंत सुनवाई से इनकार कर दिया। इसके बाद सीबीआई की टीम केंद्रीय सुरक्षा बलों के साथ बंगाल पुलिस के मुख्यालय पहुंची और करीब तीन घंटे की लिखापढ़ी के बाद शाहजहां शेख को हिरासत में लिया।

कलकत्ता हाईकोर्ट ने शाम सवा चार बजे तक सौंपने का आदेश दिया था, हालांकि इसमें देरी हुई और सीबीआई को शाहजहां शेख की कस्टडी शाम पौने सात बजे के करीब मिल पाई। इससे पहले कोलकाता में सीआईडी ने कस्टडी सौंपने से पहले शाहजहां शेख का मेडिकल कराया। सीबीआई को शाहजहां की कस्टडी सौंपी।

इस दौरान सीबीआई की टीम पश्चिम बंगाल पुलिस के मुख्यालय में मौजूद रही। शाहजहां शेख से सीबीआई ईडी पर हमले के मामले के साथ राशन घोटाले के मामले में भी पूछताछ करेगी। राज्य सरकार ने बाकी मामलों की जांच सीआईडी को सौंपी है।

### सुप्रीम कोर्ट से ममता सरकार को झटका

ममता सरकार को आज सुप्रीम कोर्ट से तगड़ा झटका लगा। संदेशखाली और शेख शाहजहां मामले में सीबीआई जांच के खिलाफ ममता सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा ठकठकाया था,लेकिन कोर्ट ने इस मामले पर तुरंत सुनवाई से इनकार कर दिया। ममता सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि सुनवाई कब हो, ये सीजेआई तय करेंगे। शाहजहां शेख को सीबीआई को सौंपे जाने के हाईकोर्ट खिलाफ सुप्रीम कोर्ट मे पश्चिम बंगाल सरकार ने की जल्द सुनवाई की मांग की थी।

# उत्तराखंड में लोकसभा तैयारियों को परखेंगे नड्डा

संवाददाता

देहरादून। भारतीय जनता पार्टी–बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा नौ या दस मार्च को उत्तराखंड दौरे पर आ सकते हैं। इस दौरे के दौरान नड्डा राज्य की पांचों लोकसभा क्षेत्रों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। जपा के प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी ने बताया कि जेपी नड्डा का दौरा नौ या दस मार्च को प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि राज्य संगठन की ओर से उनके कार्यक्रम को तय कर दिया गया है और जल्द ही उनका अनुमोदन मिलने की उम्मीद है। विदित है कि नड्डा का दौरा पहले 26 फरवरी को प्रस्तावित था। लेकिन ऐन वक्त पर यह कार्यक्रम टल गया। उसके बाद नड्डा का दौरा पांच मार्च के लिए प्रस्तावित हुआ लेकिन बाद में उसे भी रद्द कर दिया गया। अब पार्टी के संगठन ने नौ या दस मार्च के लिए उनका दौरा तय किया है। प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी ने कहा कि जल्द ही कार्यक्रम तय होने की उम्मीद है। भाजपा प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी ने बताया कि नड्डा कुमाऊं की दोनों सीटों के साथ ही गढ़वाल की तीनों सीटों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। इस दौरान हल्द्वानी में आयोजित होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन के साथ ही वह देहरादून में होने वाले प्रबुद्ध सम्मेलन में भी शामिल होंगे। इसके साथ ही वह रायवाला में आयोजित होने वाले पार्टी की संगठनात्मक और चुनाव तैयारी बैठकों में भी शामिल होंगे।

### तैयारी

■टिहरी–नैनीताल, अल्मोड़ा के उम्मीदवार भी तैयार

### कार्यकर्ताओं में भरेंगे जोश

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा अपने उत्तराखंड दौरे के दौरान लोकसभा चुनावों के लिए पार्टी की तैयारियों को परखेंगे। इस दौरान वह पांचों लोकसभाओं में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में शिरकत कर कार्यकर्ताओं में जोश भरेंगे।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप और बाइडन की भिड़ंत तय

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में एक बार फिर से डोनाल्ड ट्रंप और जो बाइडन के बीच सीधा मुकाबला होगा। बता दें कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी 52 वर्षीय निक्की हेली को चुनावी दौड़ से बाहर कर दिया है, लेकिन वह किसी भी अन्य रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी की तुलना में लंबे समय तक 77 वर्षीय ट्रंप के सामने टिकी रहीं।

### हारकर दौड़ से बाहर हुई निक्की हेली

निक्की हेली के एक करीबी सूत्र के मुताबिक, डोनाल्ड ट्रंप रिपब्लिकन नामांकन जीतेंगे और नवंबर के चुनाव में एक बार फिर डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति जो बाइडन को सीधी टक्कर देंगे और निक्की हेली बुधवार को अपना राष्ट्रपति अभियान निलंबित कर देंगी। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया कि अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर निक्की हेली एक भाषण देंगी। हालांकि, वह समर्थन देने के मूड में नहीं हैं।

बता दें कि पूर्व राष्ट्रपति इस माह के अंत में रिपब्लिकन नामांकन हासिल करने के लिए आवश्यक 1,215 प्रतिनिधियों तक पहुंचने की राह पर हैं।

न्यूज डायरी



## टेक्सस में भीषण आग ने मचाया कहर, सैकड़ों जानवर और कई घर जले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका के टेक्सस राज्य के इतिहास की सबसे बड़ी आग ने लाखों मीटर के इलाके को अपनी चपेट में ले लिया है। इस आग के कारण हजारों घर और जानवर भी जल गए हैं। यही नहीं, आग बुझने के बाद अब इसके निशान भी टेक्सस राज्य में दूर–दूर तक दिखाई दे रहे हैं। दरअसल, टेक्सास पैनहैंडल के जंगलों में आग लग गई थी, जिसके कारण लोगों को प्रभावित क्षेत्र छोड़कर सुरक्षित स्थान पर जाना पड़ा। इसके कारण क्षेत्र में बिजली आपूर्ति काट दी गई, जिससे हजारों लोग प्रभावित हुए। इसके अलावा एक परमाणु हथियार इकाई को कुछ समय के लिए बंद करना पड़ा। क्योंकि तेज हवाओं, सूखी घास और बेमौसम गर्म तापमान के चलते आग तेजी से फैल रही थी। इस आग को स्मोकहाउस क्रीक फायर भी कहा जा रहा है। जंगल में लगी आग के कारण जानवर की जान भी चली गई। स्मोकहाउस क्रीक में लगी आग टेक्सस के इतिहास की सबसे बड़ी है। इस आग ने टेक्सस राज्य को बुरी तरह प्रभावित किया है। फिलहाल आग बुझाने के बाद पीड़ितों की मदद की जा रही है। बता दें कि इस आग की चपेट में आने से 10 लाख एकड़ से अधिक इलाका जलकर खाक हो चुका है।

## चीन बनाएगा उड़न खटोला, चांद की सैर कराकर लाएगा धरती पर वापस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। अंतरिक्ष में चांद को लेकर एक बार फिर से रेस तेज हो गई है। अब चांद पर मानवमिशन भेजने को लेकर चीन एक बहुत ही महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है। इसके तहत उसकी अगले दो सालों 2025 और 2026 में दो रॉकेट भेजने तैयारी है। इसके लिए चीन जिन रॉकेट को भेजेगा, वे फिर से इस्तेमाल किए जा सकेंगे। चीन की सरकारी कंपनी चाइना एयरोस्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी कॉर्पोरेशन (सीएएससी) इन रॉकेट को तैयार कर रही है, जो चीन के नए मून मिशन का हिस्सा होंगे। दरअसल, चीन ने 2030 तक चांद पर अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने का लक्ष्य रखा है। स्पेसन्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक इन दोनों रॉकेट को भेजा जाना चीन के लक्ष्य के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण होगा। इन दोनों रॉकेटों की खासियत ये है कि पहले भेजे गए चीन के दूसरे रॉकेटों के विपरीत ये पूरी तरह से पुनः इस्तेमाल किए जाने वाले होंगे। यानी भविष्य के मिशन के लिए उन्हें फिर से बनाने की जरूरत नहीं होगी। इसका मतलब है कि ये न केवल अधिक टिकाऊ होंगे बल्कि लागत में भी प्रभावी होंगे। सीएएससी की 2025 और 2026 में जिन दो रॉकेट को लॉन्च करने की योजना है।

## यूरोप में पैरेट फीवर का कहर, पांच लोगों की गई जान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बर्लिन। यूरोप के कई देशों में पैरेट फीवर कहर बनकर टूट रहा है। पैरेट फीवर की चपेट में आने से पांच लोगों की मौत हो गई है। सीएनसीएन ने विश्व स्वास्थ्य संगठन के हवाला से बताया कि पैरेट फीवर को सिटाकोसिस के नाम से भी जाना जाता है। इसने यूरोपीय देशों में रहने वाले लोगों को बुरी तरह प्रभावित किया है। साल 2023 की शुरुआत में भी इस बीमारी ने कहर बरपाया था और अब साल 2024 की शुरुआत में पांच लोगों की जान ले ली है। ऑस्ट्रिया में पिछले साल 14 मामलों की पुष्टि हुई थी, लेकिन इस साल मार्च तक चार और मामले सामने आए हैं। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि डेनमार्क में 27 फरवरी तक इस महामारी के 23 मामलों की पुष्टि हो चुकी है। इसके अलावा डेनमार्क में एक व्यक्ति में इसकी पुष्टि हुई है। साथ ही जर्मनी में इस साल पांच मामले सामने आए हैं। यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के अनुसार, मनुष्य आमतौर पर संक्रमित पक्षी के काट लेने या फिर उसके संपर्क में आने से बीमार हो सकते हैं। यह बीमारी संक्रमित जानवरों को खाने से नहीं फैलती है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि हाल ही मिले अधिकांश मामले वो हैं, जो लोग पालतू या जंगली पक्षियों के संपर्क में आए थे। बता दें कि पैरेट फीवर क्लैमाइडिया संक्रमण के कारण होता है।

# प्रचंड सरकार की स्थिरता को लेकर अनुमानों का बाजार गर्म

रिपोर्ट

## नेपाल के प्रधानमंत्री की सहयोगियों से सत्ता साझेदारी में नहीं बना पाई सहमति

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड मंगलवार को सहयोगियों के साथ सत्ता साझेदारी समझौते पर सहमति बनाने में विफल रहे। उनकी सहयोगियों के साथ बातचीत बेनतीजा समाप्त हो गई। इससे नेपाली कांग्रेस के साथ नाटकीय तरीके से गठबंधन समाप्त करने के बाद प्रचंड सरकार की स्थिरता को लेकर अटकलें तेज हो गईं हैं। प्रचंड ने कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल के साथ नया गठबंधन बनाया है। संसद में संख्या बल के लिहाज से पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की अगुआई वाली यह पार्टी दूसरे नंबर की है। इसके बाद सीपीएन–यूएमएल से पदम गिरी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माओवादी केंद्र) से हित बहादुर तमांग और राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) से डोल प्रसाद अर्याल ने सोमवार को पद और गोपनीयता की शपथ ली।

नया गठबंधन बनाने के बाद चारों दल, सीपीएन (माओवादी केंद्र), सीपीएन–यूएमएल, लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी और जनमत पार्टी आठ सूत्री समझौते पर पहुंचे। समझौते के अनुसार, चारों दल नेशनल असेंबली अध्यक्ष चुनाव में माओवादी सेंटर के उम्मीदवार का समर्थन करने पर सहमत हुए हैं और उपाध्यक्ष के लिए यूएमएल उम्मीदवार का समर्थन करने का निर्णय लिया गया। हालांकि, सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्यों के बीच सत्ता साझेदारी पर सहमति नहीं बन पाने के कारण प्रधानमंत्री श्प्रचंडश नई गठबंधन सरकार के गठन के 24 घंटे बाद भी कैबिनेट सदस्यों को मंत्री पद बांटने में विफल रहे। सीपीएन–यूएमएल के समर्थन से आनन–फानन में गठित हुए मंत्रिमंडल में प्रचंड ने गृह, रक्षा, विदेश और वित्त समेत 25 विभाग अपने पास रखे हैं।

प्रधानमंत्री ने मंगलवार को सीपीएन–यूएमएल के चेयरमैन ओली, जनता समाजवादी पार्टी प्रमुख उपेंद्र यादव और आरएसपी अध्यक्ष रवि लामिछाने के साथ वार्ता की। हालांकि वार्ता बेनतीजा समाप्त हो गई। सीपीएन–यूएमएल के केंद्रीय सदस्य बिष्णु रिजाल ने बताया कि गठबंधन के सदस्यों के बीच चर्चा चलने के कारण बुधवार तक कैबिनेट विस्तार पूरा होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि चारों पार्टियों के पास संसद में 142 सीटें है और यह बहुमत दिखाने के लिए पर्याप्त हैं। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि बीजिंग सरकार नेपाल की नई सरकार के साथ काम करने के लिए तैयार है। इससे नेपाल में हुए नए राजनीतिक बदलाव में बीजिंग का हाथ होने के अनुमान को बल मिला है। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने बीजिंग में नियमित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चीन की नेपाल की नई सरकार के साथ काम करने की इच्छा है।

## पाकिस्तान के आम चुनावों में नहीं हुई कोई गड़बड़ी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रावलपिंडी। पाकिस्तान के शीर्ष सैन्य अधिकारी ने देश के आम चुनावों में सेना द्वारा हस्तक्षेप के सभी आरोपों का खंडन किया है। उन्होंने देश के स्वार्थी तत्वों पर अपने फायदे के लिए दूसरों को बलि का बकरा बनाने और देश में अस्थिरता पैदा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है।

पाकिस्तान में 8 फरवरी को आम चुनाव होने के बाद बड़े स्तर पर नतीजों को लेकर आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। देश के कई राजनीतिक दलों, विशेषकर इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने सुरक्षा बलों पर इंटरनेट को बंद कर चुनावों में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया था। पाकिस्तान की स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पाक के चीफ ऑफ आर्मी चीफ स्टाफ जनरल असीम मुनीर की अध्यक्षता में 263वें कोर कमांडर्स कॉन्फ्रेंस के दौरान सेना पर लगाए गए आरोपों का पूरी तरह से खंडन किया गया है। सेना की मीडिया विंग ने बताया है कि सेना ने देश में चुनाव आयोजित करने के लिए सिर्फ एक सुरक्षित वातावरण प्रदान किया। सेना का देश की चुनावी प्रक्रिया से कोई लेना–देना नहीं है। सेना की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि कुछ राजनीतिक दलों द्वारा अपने फायदे के लिए सेना पर निराधार आरोप लगाए गए हैं, जो बेहद निंदनीय है।




## ब्रिटेन में सीनियर डॉक्टर करेंगे वेतन प्रस्ताव पर मतदान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। ब्रिटेन में पिछले कुछ महीनों से चल रही डॉक्टरों की हड़ताल के समाप्त होने की उम्मीद है। समाचार एजेंसी रायटर के अनुसार, सीनियर डॉक्टर जल्द ही एक बेहतर वेतन प्रस्ताव पर मतदान करेंगे। ट्रेड यूनियन ने बताया कि उन्होंने जनवरी में सरकार के पिछले प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया था। ब्रिटिश मेडिकल एसोसिएशन ने कहा कि नए वेतन प्रस्ताव में उन लोगों के लिए 2.85 प्रतिशत की बढ़ोतरी शामिल है जो चार से सात साल तक वरिष्ठ डॉक्टर हैं। उन्होंने कहा कि उसके सदस्य इस प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए मतदान करें। ब्रिटिश मेडिकल एसोसिएशन सलाहकार समिति के अध्यक्ष विशाल शर्मा ने बताया कि सरकार के साथ हमारी बातचीत हुई है। हमें लगता है कि प्रस्ताव को लेकर होने वाले मतदान से बहुत कुछ साफ हो पाएगा। साथ ही वर्तमान वेतन विवाद भी समाप्त हो जाएगा।

# देश की अर्थव्यवस्था सुधारना प्राथमिकताः शहबाज शरीफ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■बेलआउट पैकेज के लिए आईएमए से बातचीत का दिया आदेश

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने नकदी संकट से जूझ रहे देश के लिए विस्तारित फंड सुविधा प्राप्त करने को आईएमएफ के साथ अधिकारियों को तत्काल बातचीत का आदेश दिया है। उन्होंने कहा है कि अर्थव्यवस्था की स्थिति में सुधार करना उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी, जिसे जनादेश मिला है।

जनवरी में पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से मौजूदा तीन अरब डॉलर की स्टैंड–बाय व्यवस्था (एसबीए) के तहत 70 करोड़ डॉलर से अधिक की दूसरी किस्त प्राप्त हुई। यह पिछले साल जून में सहमति के आधार पर दी गई थी, जब पाकिस्तान धीरे–धीरे डिफाल्ट की ओर बढ़ रहा था। पाकिस्तान ने पिछले 6.5 अरब डॉलर के आईएमफए बेलआउट पैकेज को पूरा नहीं किया है। इसलिए नई सरकार का पहला काम 1.2 अरब डालर की अंतिम ऋण किस्त प्राप्त करने के लिए वॉशिंगटन स्थित वैश्विक ऋणदाता के साथ बैठक करना होगा।

पीएमएल–एन के अध्यक्ष के आधिकारिक हैंडल से एक्स पर उर्दू में पोस्ट किया गया कि प्रधानमंत्री शरीफ के शपथ ग्रहण के कुछ घंटों बाद ही देश की अर्थव्यवस्था की स्थिति ठीक करने को लेकर एक बैठक आयोजित की गई।

जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ ने आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में धांधली के विरुद्ध 10 मार्च को राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन की घोषणा की है। पार्टी ने आरोप लगाया है कि चुनाव में जनादेश की चोरी हुई है। दूसरी ओर, पीटीआई ने आरक्षित सीटों के आवंटन के विरुद्ध चुनाव आयोग के निर्णय को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने का निर्णय लिया है। आयोग ने सोमवार को फैसला सुनाया था कि पीटीआई समर्थित एसआइसी आम चुनाव के बाद संसद में महिलाओं और अल्पसंख्यकों के लिए आवंटित आरक्षित सीटों के लिए पात्र नहीं है।

## जयशंकर से दक्षिण कोरिया में पूछा गया मणिपुर हिंसा पर सवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सियोल। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि मणिपुर में जो कुछ हुआ वह बहुत दुखद है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत के सभी लोग पूर्वोत्तर के इस राज्य में स्थिति को सामान्य होते देखना चाहते हैं। जयशंकर दक्षिण कोरिया और जापान की अपनी चार दिवसीय यात्रा के पहले चरण में आज शाम सियोल में भारतीय समुदाय को संबोधित कर रहे थे। भारत और प्रवासी भारतीय समुदाय से जुड़े कई प्रश्न पूछे जाने के बीच समुदाय के एक सदस्य ने उनसे मणिपुर में स्थिति के बारे में भी पूछा। विदेश मंत्री ने कहा, यह कैसे हुआ? सरकार ने ऐसा कैसे होने दिया? इस संदर्भ में, आप जानते हैं कि ऐसा कोई व्यक्ति नहीं होगा, जिसे वहां जो कुछ हो रहा है उस पर अफसोस न हो। मेरा मतलब है कि वहां जो कुछ हुआ वह वास्तव में दुखद है। जयशंकर ने कहा, श्मुझे लगता है, पूरा देश मणिपुर के लिए प्रार्थना कर रहा है।

# Page Three

## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# सीएम ने 2600 लाभार्थियों को किया नजूल भूमि पट्टा का निःशुल्क वितरण

**लोकार्पण**

## 56704.93 लाख के 222 विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

**संवाददाता**

देहरदून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को रुद्रपुर के गाँधी पार्क में आयोजित नजूल भूमि का निशुल्क पट्टा वितरण एवं किफायती आवास आवंटन कार्यक्रम में 2600 लाभार्थियों को नजूल भूमि के पट्टे वितरित किये तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत 403 लोगों को स्वामित्व पत्र प्रदान किये। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 56704.93 लाख के 222 विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने पुलिस लाईन में शक्ति वंदन अभियान के समापन अवसर पर प्रधानमंत्री के वर्चुअल संवाद में भी प्रतिभाग किया।



मुख्यमंत्री के द्वारा जसपुर में 1411.04 लाख, काशीपुर में 7498.97 लाख, बाजपुर में 3077.88 लाख, गदरपुर में 2532.03 लाख, रुद्रपुर में 20296.92 लाख, किच्छा में 3404.52 लाख, सितारगंज में 6866.68 लाख, नानकमत्ता में 5558.49 लाख एवं खटीमा में 6058.40 लाख (कुल 56704.93 लाख) रुपये की लागत से होने वाले कुल 222 विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें निजी रूप से भी इस बात की बहुत खुशी है कि आज आखिरकार वो दिन आ गया जब आप सभी को अपने सपनों का आशियाना बनाने के लिए पट्टा मिल रहा है, क्योंकि आजादी के बाद यह पहला मौका है जब आप लोगों को मालिकाना हक का पट्टा मिल रहा है। इसके लिए जितना संघर्ष आप लोगों ने किया है उतनी ही मेहनत करनी हमारी सरकार ने भी की है। उन्होंने कहा कि जब हाई कोर्ट ने नजूल नीति को खारिज कर दिया था और भूमि को खाली करने का आदेश दे दिया था , हमारी सरकार इस मुद्दे को सुप्रीम कोर्ट लेकर गई, हमनें आपके हक की लड़ाई लड़ी। सुप्रीम कोर्ट में आप सबकी जीत हुई, हम जीते क्योंकि हमारे साथ केंद्र सरकार व आप सभी का आशीर्वाद था। इसके बाद हमनें विधानसभा में कानून पास किया, नजूल नीति 2021 लागू की, तमाम कानून प्रक्रियाएं अपनाई, तब जाकर आपको यह पट्टा देने में सफलता मिली है। इतना ही नहीं, हमारी सरकार ने ये सुनिश्चित किया कि पट्टा लेने के लिए आपको भाग दौड़ ना करनी पड़े बल्कि सरकारी दफ्तरों के कर्मचारी–अधिकारी खुद आपके दरवाजे तक चल कर आएं और सारे जुरुरी काम निपटाएँ। हमारी सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया कि इस पूरी प्रक्रिया में लाभार्थी परिवारों का एक भी रुपया खर्च नहीं होना चाहिए। इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा नगर निगम रुद्रपुर में स्वच्छ भारत मिशन 2.0 की नामित ब्राण्ड एंबेसडर नीलम कोहली को उनके उत्कृष्ट योगदान दिए जाने के फलस्वरूप प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्यमंत्री श्री अजय भट्ट ने सभी लाभार्थियों को बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा जनता की समस्याओं के समाधान के लिये डबल इंजन की सरकार हर संभव प्रयासरत है।

## न्यूज डायरी :

### मुख्य निर्वाचन अधिकारी का सात को जनपद चमोली दौरा

**संवाददाता** चमोली। मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखंड डॉ बीवीआरसी पुरूषोत्तम सात मार्च को जनपद के दौरे पर आ रहे है। अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक प्रकाश ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी सात मार्च को प्रातः 11 बजे जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) गौचर में जिले के समस्त नोडल अधिकारियों के साथ लोक सभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। इसके साथ ही मुख्य निर्वाचन अधिकारी विभिन्न पोलिंग बूथों पर मतदान व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण भी करेंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले में लोकसभा चुनाव के लिए नियुक्त समस्त नोडल अधिकारियों, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं संबंधित अधिकारियों को पूर्ण सूचनाओं के साथ बैठक में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करने के निर्देश दिए है।


### मुख्य निर्वाचन अधिकारी का सात को जनपद चमोली दौरा

**संवाददाता** चमोली। मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखंड डॉ बीवीआरसी पुरूषोत्तम सात मार्च को जनपद के दौरे पर आ रहे है। अपर जिलाधिकारीध्उप जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक प्रकाश ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी सात मार्च को प्रातः 11 बजे जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) गौचर में जिले के समस्त नोडल अधिकारियों के साथ लोक सभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। इसके साथ ही मुख्य निर्वाचन अधिकारी विभिन्न पोलिंग बूथों पर मतदान व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण भी करेंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले में लोकसभा चुनाव के लिए नियुक्त समस्त नोडल अधिकारियों, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं संबंधित अधिकारियों को पूर्ण सूचनाओं के साथ बैठक में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करने के


### महाशिवरात्रि पर जानिए, भगवान शिव के सहस्रनामों की महिमा!

**संवाददाता** देहरादून। संपूर्ण भारतवर्ष में 'महा–शिवरात्रि' का त्यौहार आस्था के महोत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस दिन अमूमन तौर पर भक्त–श्रद्धालुगण बड़ी संख्या में शिवालयों में उमड़ते हैं और शिवलिंगों की धूप–दीप, बेलपत्र, दूध मिश्रित जल आदि नैवेद्य से विधिपूर्वक उपासना करते हैं। हर साल हम इसी तरह परम्परागत ढंग से, रीति–रिवाजों के साथ 'महाशिवरात्रि' मनाते हैं और हर्षित होते हैं। लेकिन इस उत्सव की धूमधाम में हम पर्व की सूक्ष्म और सच्ची धुन को नहीं सुन पाते। भगवान शिव और उनसे जुड़े हर पहलू में एक गूढ़ तत्त्व है, एक मार्मिक प्रेरणा है, जो बहिर्जगत नहीं, अंतर्जगत से हमें जोड़ती है। भाव निःसन्देह भगवान शिव को जानना अर्थात् पाना संभव है।

## विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के निर्माण कार्यों हेतु प्रदान की वित्तीय स्वीकृति

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री ने विधानसभा क्षेत्र कालाढुंगी के अंतर्गत बिठौरिया नं–1 में विकासनगर कॉलोनी में नलकूप के निर्माण हेतु रूपये 01 करोड़, विधानसभा क्षेत्र चंपावत के अंतर्गत ब्यानधुरा बाबा मंदिर तक पेयजल आपूर्ति एवं सड़क निर्माण हेतु रूपये 01 करोड़, विधानसभा क्षेत्र लालकुंआ के अंतर्गत लालकुआं में लाईन पार हाथीखाना, बंगाली कालोनी एवं 25 एकड़ आदि में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु डी.पी.आर की स्वीकृति हेतु रूपये 01 करोड़, विधानसभा क्षेत्र कालाढुंगी के अंतर्गत बिठौरिया नं–1 में विकासनगर कालोनी में नलकूप के निर्माण हेतु रूपये 01 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

मुख्यमंत्री ने विधानसभा क्षेत्र चंपावत के अंतर्गत पंचमुखी गौशाला धाम बनने के काम के स्थायी रूप देने तथा सरकारी एवं गैर सरकारी माध्यमों से इसे पूरा करने हेतु रूपये 01 करोड़ तथा विधानसभा क्षेत्र ऋषिकेश के अंतर्गत माधव सेवा विश्राम सदन हेतु रूपये 50 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा क्षेत्र कालाढुंगी के अंतर्गत स्व0 श्री हीरा बल्लभ भट्ट के नाम से ग्राम रोपड़ा (चौपड़ा) ज्योलीकोट में शहीद द्वारा के निर्माण हेतु रूपये 3 लाख, विधानसभा क्षेत्र खटीमा के अंतर्गत वार्ड खटीमा शहीद स्थल पर तिरंगा निर्माण के कार्य हेतु रूपये 48 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।




### औद्योगिक अस्थानों एवं सार्वजनिक स्थानों में चलाया हस्ताक्षर अभियान

**संवाददाता** चमोली। मतदान में सबकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए बुधवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत निजी औद्योगिक अस्थान जयकण्डी कालेश्वर में जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें समस्त उद्यमियों एवं कामगारों के साथ लोकतंत्र में वोट के महत्व विषय पर चर्चा की गई। इस दौरान उद्यमियों एवं कामगारों ने मतदाता शपथ और हस्ताक्षर के साथ ही आगामी निर्वाचन में वोट देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में औद्योगिक अस्थान कालेश्वर के उपाध्यक्ष प्रदीप पंवार सहित उद्यमी एवं कामगार मौजूद रहे। स्वीप कार्यक्रम के तहत नगर पालिका गोपेश्वर, गौचर, कर्णप्रयाग और नगर पंचायत नंदप्रयाग व गैरसैंण में सार्वजनिक स्थानों पर भी हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसमें बुजुर्ग, युवा एवं महिला मतदाताओं ने बडी संख्या में हिस्सा लेते हुए आगामी चुनाव में मतदान करने का संकल्प लिया।

## महारानी राजलक्ष्मी शाह ने पुरोला मोरी में जनसंपर्क कर मांगा समर्थन

**संवाददाता** पुरोला। टिहरी सांसद एवं भाजपा की लोकसभा उम्मीदवार महारानी राजलक्ष्मी शाह ने रवांई घाटी भ्रमण शुरू कर आगामी लोकसभा चुनाव के लिए नगर, मुख्य बाजार एवं कस्बों में व्यापारियों,व्यवसाईयों व ग्रामीणों से जन संपर्क कर लोक चुनाव का शंखनाद का शुभारंभ कर दिया है।

मंगलवार को महारानी ने जहां यमुना घाटी क्षेत्र में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के साथ बड़कोट नगर क्षेत्र में आयोजित लाभार्थी सम्मान समारोह में सैकड़ो लोगों से जन संपर्क एवं रोड शो में प्रतिभा किया वहीं सांय को नौगांव बाजार में व्यापारियों व ग्रामीणों से जनसंपर्क कर समर्थन व वोट मांगें।



जबकि बुधवार को महारानी ने रंवाई क्षेत्र के रामा सिराईं कमल सिराईं क्षेत्र के हुडोली,चंदेली तथा पुरोला मुख्य बाजार में व्यापारियों एवं आम जनमानस के साथ पैदल मार्च कर जन संपर्क कर वोट मांगे जंहा पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका ढोल बाजों व फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। वंही उन्होंने क्षेत्र के विकास में अपनी उपलब्धियों को गिनाते हुए सशक्त राष्ट्र निर्माण के लिए मोदी सरकार पर भरोसा रखने को लेकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील के साथ ही कार्यकर्ताओं को घर घर तक केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं को पंहुचाने को प्रेरित किया।

जनसंपर्क रैली में उनके साथ जिलाध्यक्ष सतेंद्र राणा, विधायक दुर्गेश्वर लाल,जिला महामंत्री पवन नौटियाल, पूर्व अध्यक्ष रमेश चौहान,अमीचंद शाह,जगत सिंह चौहान, बलदेव रावत, गंभीर सिंह चौहान सुनील भंडारी, विनोद असवाल,आनंदी राणा,सरोज माहिल व राजपाल पंवार,बृजमोहन चौहान,रमेश विजल्वाण, जगमोहन पंवार,लोकेश उनियाल,उपेंद्र असवाल व नवीन गैरोला आदि भाजपाई मौजूद थे।

### ग्रामीणों को दिया जाएगा पापड़ पिकल मसाला पाउडर मेकिंग में 10 दिवसीय प्रशिक्षण

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा स्थानीय ग्रामीणों व स्वयं सहायता समूह की सदस्यों को 10 दिवसीय पापड़ पिकल मसाला पाउडर मेकिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण अवधि में जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षार्थियों को मार्गदर्शन दिया जाएगा। निदेशक आरसेटी किशन सिंह रावत ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए बताया कि विकास खंड अगस्त्यमुनि की ग्राम पंचायत कलना में एनआरएलएम स्वयं सहायता समूह की सदस्यों व स्थानीय ग्रामीणों को पापड़ पिकल मसाला पाउडर मेकिंग में 10 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त प्रशिक्षण 11 मार्च से 20 मार्च, 2024 तक दिया जाएगा। उन्होंने जनपद स्तरीय अधिकारियों से प्रशिक्षण अवधि में उपस्थित होकर प्रशिक्षार्थियों का मार्गदर्शन करने की अपील की है।

*दानी कभी दुःख नहीं पाता, उसे कभी पाप नहीं घेरता।*
*– अज्ञात*



विचार-प्रवाह देहरादून, गुरूवार, 7 मार्च 2024

पेज थ्री
www.page3news.in

# चुनाव की अहमियत

**जिस गति से सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में फैसला दिया, वह न केवल असाधारण है बल्कि इस बात का उदाहरण भी है कि चुनावी गड़बड़ियों से जुड़े मामलों में इंसाफ होने जितना ही अहम होता है उसका समय पर होना।**

गुलशन राय खत्री।।

आम तौर पर किसी शहर के मेयर का चुनाव ऐसा नहीं होता जिस पर पूरे देश की निगाहें टिकें। चंडीगढ़ में अगर ऐसा हुआ तो इसकी पहली वजह यह थी कि यह लोकसभा चुनावों से ठीक पहले के माहौल में हो रहा था। यहां आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने मिलकर लड़ने का फैसला किया, जिससे यह विपक्षी अलायंस इंडिया और सत्तारूढ़ गठबंधन एनडीए के बीच पहले मुकाबले के रूप में देखा जा रहा था। जाहिर है, यह स्थानीय चुनाव मात्र नहीं रह गया था।

स्वाभाविक ही यह चुनाव प्रतिष्ठा की लड़ाई माना जाने लगा। ऐसे में जब इसमें धांधली की बात सामने आई तो सवाल देश में चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता और प्रामाणिकता का भी उठा। हालांकि महापौर चुनाव में चुनाव आयोग की कोई भूमिका नहीं होती, फिर भी चूंकि लोकसभा चुनाव करीब हैं तो इन संदेहों के निहितार्थ दूर तक जा रहे थे।

जाहिर है, ऐसे में किसी तरह के संदेह की गुंजाइश रहने देना खतरनाक हो सकता था। तसल्ली की बात है कि सुप्रीम कोर्ट के सख्त रुख ने पहले दिन से यह साफ कर दिया था कि मामले की जड़ तक पहुंचने में कोई कोर–कसर बाकी नहीं रखी जाएगी। वही हुआ भी।



सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने न केवल पुराने रिजल्ट को खारिज किया और उसमें गड़बड़ी करने वाले ऑफिसर के खिलाफ कार्यवाही शुरू करवा दी बल्कि रिजल्ट घोषित करके आगे भी इस मामले में खरीद फरोख्त से जुड़े आरोपों की गुंजाइश समाप्त कर दी। कहा जा सकता है कि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में 'पूर्ण न्याय' सुनिश्चित किया।

इस फैसले के मिसाल बनने की एक वजह इसकी रफ्तार भी है। जिस गति से सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में फैसला दिया, वह न केवल असाधारण है बल्कि इस बात का उदाहरण भी है कि चुनावी गड़बड़ियों से जुड़े मामलों में इंसाफ होने जितना ही अहम होता है उसका समय पर होना।

इसमें दो राय नहीं कि अपने देश में चुनावी प्रक्रिया की प्रामाणिकता और निष्पक्षता असंदिग्ध रही है। इसका पूरा श्रेय चुनाव आयोग को जाता है। लेकिन आगे भी यह स्थिति बनी रहे उसके लिए जरूरी है कि चुनावी प्रक्रिया से जुड़े सभी व्यक्ति अपनी–अपनी भूमिका को निष्पक्षता के साथ अंजाम दें। यह तभी होगा जब उन्हें पता होगा कि वे अपने फैसलों और कार्यों के लिए जिम्मेदार होंगे और किसी भी सूरत में उन्हें इस जांच से छूट नहीं मिलने वाली। सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने यही संदेश दिया है जिसकी आज वाकई जरूरत थी।

## पालन–पोषण

धर्म-दर्शन



**अशोक वोहरा।** दासराज ने दोनों को उपरिचर को भेंट कर दिया। उपरिचर ने बालक को तो अपने पास रख लिया, पर बालिका को दासराज को लौटा दिया। दासराज उस बालिका को अपने घर ले जाकर उसका पालन–पोषण करने लगा। दासराज ने बालिका का नाम सत्यवती रखा। वह मछली के पेट से उत्पन्न थी, इसलिए उसके शरीर से मछली की सी गंध निकला करती थी। अतः लोग उसे मत्स्यगंधा भी कहा करते थे। मत्स्यगंधा धीरे–धीरे बड़ी हुई। वह बड़ी रूपवती थी। वह रात्रियों को अपनी नाव पर बैठाकर इस पार से उस पार पहुंचाया करती थी। एक दिन दोपहर के समय महर्षि पराशर वहां जा पहुंचे। वे मत्स्यगंधा को देखकर उस पर मुग्ध हो गए। उन्होंने उससे कहा, "सुंदरी, तुम्हें अपूर्व सुख मिलेगा। मैं तुम्हारे साथ रमण करना चाहता हूं।"

# संपादकीय

## कोई जादू नहीं

भारत जैसे देश में जहां चुनावी लड़ाई पैसों पर आधारित है, वहां कोई जादुई फॉर्म्युला नहीं है। इससे भी बुरा यह कि किसी भी जमीनी बदलाव में दशकों लग सकते हैं। इस दौरान कई कदम गलत भी होंगे। फिर भी पब्लिक फंडिंग से उस दिशा में शुरुआत कर सकते हैं। कॉरपोरेट बॉन्ड पर रोक लगाकर सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही माहौल तैयार कर दिया है। इस फैसले से आने वाले चुनावों में सभी दलों के लिए मौके शायद ही समान बनें। सत्ताधारी दल का खजाना पहले से भरा हुआ है, जबकि मुख्य विपक्ष के प्रमुख खाते टैक्स अथॉरिटीज ने फ्रीज कर दिए हैं। क्षेत्रीय पार्टियां अब बॉन्ड का इस्तेमाल करके पैसा नहीं जुटा पाएंगी। फिर भी ऐसे सिस्टम में जहां पैसा राजनेताओं को नाच नचाता है, हमें कहीं न कहीं से तो शुरुआत करनी ही होगी। राजनीतिक दलों को फंड का बंटवारा पॉइंट सिस्टम के आधार पर किया जा सकता है। फॉर्म्युला के तहत पिछली बार मिली जीत, उम्मीदवार का पर्सनल रेकॉर्ड, निर्वाचन क्षेत्र का आकार और डिवेलपमेंट फैक्टर्स देखे जाने चाहिए। इसका उद्देश्य होना चाहिए बेईमान और अनैतिक तत्वों को बाहर करना और राजनीति में नए लोगों को प्रोत्साहित करना। चुनाव आयोग को खर्चों की सीमा उचित रखनी चाहिए, महंगाई को देखना चाहिए ताकि धोखाधड़ी के लिए बहुत कम जगह हो।

व्यापार और राजनीति का हमेशा मेल–जोल रहा है। दुनियाभर में चुनावी चंदे या लॉबी करने वालों की तरफ से दिए गए पैसों से ऐसा चलन बना, जिसमें डोनर्स का खयाल रखा गया या उन्हें वरीयता दी गई।

# चंदा और धंधा

अंजना मेनन।।

सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्टोरल बॉन्ड को रद्द कर दिया है क्योंकि इन्हें खरीदने वालों के नाम जाहिर नहीं किए जाते थे। अदालत में यह मामला लंबे समय से चल रहा था। खैर, इस कदम से जाहिर होता है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनावी चंदे को लेकर रिफॉर्म की जरूरत है। हमें चुनावी अभियान के चंदे के लिए एक ऐसा मॉडल चाहिए, जो पारदर्शी हो। साथ ही, जिसमें इलीगल फंडिंग की कोई आशंका न रहे।

व्यापार और राजनीति का हमेशा मेल–जोल रहा है। दुनियाभर में चुनावी चंदे या लॉबी करने वालों की तरफ से दिए गए पैसों से ऐसा चलन बना, जिसमें डोनर्स का खयाल रखा गया या उन्हें वरीयता दी गई। कुछ ही देश इससे बचे हैं। साल 2023 में आई ट्रांसपेरेंसी इंटरनैशनल की एक रिपोर्ट बड़े पॉलिटिकल डोनर्स के पावर–पब्लिक सेक्टर में बढ़ते दखल के बारे में बताती है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन के नेतृत्व में उनके बचपन के दोस्त लोरिन मेस्जारोस सरकारी ठेके हासिल करने के बाद देश के सबसे अमीर शख्स बन गए। लोरिन ने गैस फिटर के रूप में शुरुआत की थी। जाहिर है, राजनीतिक पहुंच से अमीर बनने की राह खुल जाती है।

भारत में वह राजनीतिक निकटता चुनावी



फंडिंग के जरिये भी हासिल की जा सकती है। कारोबारी लोग जानते हैं कि उन्हें नेताओं के सामने झुकना ही पड़ेगा। सन 1969 से ऐसा ही हो रहा है। उस साल इंदिरा गांधी ने वैध कॉरपोरेट फंडिंग को खत्म कर दिया था। इसके बाद राजनेताओं तक सूटकेसों में भरकर काला धन पहुंचाने की परंपरा शुरू हुई।

1980 के दशक के मध्य में प्रतिबंध हटा लिया गया। लेकिन, तब तक मामला बिगड़ चुका था। बाद में जैसे–जैसे चुनावी खर्च बढ़ता गया, बड़ी कंपनियों ने राजनीतिक दलों को धन देने के लिए चुनावी ट्रस्टों को योगदान देना शुरू कर दिया।

आखिरकार 2017 में बीजेपी सरकार इलेक्टोरल बॉन्ड लेकर आई। इसका मकसद था चुनावी चंदे को वैध बनाना। एक छोटी–सी जानकारी के अलावा दानदाता गुमनाम रह सकते थे।

डोनर्स की पहचान उजागर नहीं करने से मतदाताओं और सिविल सोसायटी के सामने मुश्किल आ जाती है। अगर कोई राजनेता अपने डोनर के फायदे में नीति बनाता है, तो उसे जवाबदेह ठहराना कठिन हो जाता है। इससे उन कारोबारियों पर भी कीचड़ उछलता है, जो ईमानदारी से तरक्की कर रहे हैं और चुनावी चंदा भी दे रहे हैं। साथ ही इससे बढ़ावा मिलता है क्रोनी कैपिटलिज्म को।

दुर्भाग्य से भारतीय कारोबारी दो आकाओं के बीच फंस गए हैं। एक वे आका जो केंद्र की सत्ता पर काबिज हैं और दूसरे वे जिनसे स्थानीय स्तर पर निपटना होता है, जहां से व्यापार चलता है।

इन सब के बदले में राजनेताओं को चुनावी चंदा, आपदाओं के दौरान दान, प्रचार के लिए प्राइवेट जेट और हेलिकॉप्टर मिलते हैं। हालांकि भारत में केंद्र और प्रतिद्वंद्वी राज्य सरकारों के बीच बढ़ती कड़वाहट के चलते कई डोनर्स के लिए मुश्किल हो गई। अब सुप्रीम कोर्ट ने नामों का खुलासा करने को कहा है, जिससे यह मुश्किल खत्म हो जाए।

### अष्टयोग- 4936

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 6 | | 7 | |
| 4 | 33 | 4 | 40 | 7 | 31 | 2 |
| | 2 | | 3 | 5 | | |
| 1 | 29 | 3 | 37 | 6 | 35 | 5 |
| | | 7 | 4 | | 5 | |
| 6 | 30 | 2 | 24 | 1 | 30 | 3 |
| | 6 | | 4 | | | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 4935 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 7 | 4 | 2 | 1 | 6 |
| 1 | 30 | 2 | 37 | 6 | 31 | 3 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 4 |
| 6 | 37 | 3 | 34 | 1 | 25 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 7 | 33 | 4 | 32 | 4 | 30 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 4 | 5 | 6 | 7 |

■ Jagrutidauc.com, Bangalore

अपना ब्लॉग

## निकालना होगा रास्ता

**मोहन।** हमें एक ऐसे फॉर्म्युले की जरूरत है, जिससे बिना किसी डर या पक्षपात के चुनावी फंडिंग हो सके, जिससे राजनेता पैसा बटोरने के बजाय सार्थक कामों में लगें। एक तरीका है कि जनता के फंड से चुनाव कराए जाएं। कई देशों में यह व्यवस्था पहले से लागू है। वहां चुनाव में सार्वजनिक खर्च होता है। कई नॉर्डिक देशों में चुनाव के लिए पैसा सरकार की ओर से दिया जाता है। भारत में भी क्राउडफंडिंग आजमाई जा सकती है। बस कंपनियों और लोगों द्वारा दान की जा सकने वाली अधिकतम राशि तय होनी चाहिए। छोटे योगदान को टैक्स फ्री किया जा सकता है। पब्लिक फंडिंग में जमीनी स्तर पर धन जुटाने को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इससे आम जनता में जवाबदेही पैदा होगी। वह चुनावी प्रक्रिया से अधिक जुड़ाव महसूस करेगी। कारोबारी इन आकाओं की मदद लेते हैं स्थानीय लॉ एंड ऑर्डर में, ब्यूरोक्रेसी को नियंत्रित करने के लिए, सरकारी ठेके हासिल करने के लिए, प्रतिकूल नीतियों को खत्म करने और यहां तक कि इंटरनैशनल कॉम्पिटिशन को दूर रखने के लिए।





## नए प्रोजेक्ट से आमिर खान का भयानक लुक हुआ वायरल

आमिर खान के फैंस उनकी अपकमिंग मूवी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस बीच उनकी कुछ फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं, जो थोड़ी सी अजीब हैं। इन फोटोज ने फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ा दी हैं। श्तारे जमीन परश् में ईशान अवस्थी का किरदार निभाने वाले चाइल्ड आर्टिस्ट दर्शील सफारी भी उनके साथ नजर आ रहे हैं। दोनों 16 साल बाद फिर से काम कर रहे हैं। ऐसे में श्सितारे जमीन परश् को लेकर फैंस की एक्साइटमेंट और भी बढ़ गई है। इस वायरल फोटो में ।उपत झींद के हाथ में कुछ है। उनका लुक हैरान कर देने वाला है। बाल लंबे और बिखरे हुए हैं। ऐसा लग रहा है कि चेहरे पर गंदगी लगी है। दांत भी काले और गंदे हैं। कुछ दिन पहले दर्शील सफारी ने भी आमिर खान संग अपकमिंग प्रोजेक्ट की एक फोटो शेयर की थी, जो अभी भी चर्चा में है। हालांकि, फैंस कयास लगा रहे हैं कि ये किसी फिल्म की तस्वीरें नहीं हैं, बल्कि दोनों साथ में कोई विज्ञापन शूट कर रहे हैं। आमिर ने पिछले दिनों ये ऐलान किया था कि वो सितारे जमीन पर फिल्म बनाएंगे। इसकी कहानी भी श्तारे जमीन परश् से मिलती-जुलती होगी, लेकिन ये उस मूवी का सीक्वल नहीं होगा। आमिर को मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के बेटे अनंत अंबानी के प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन में देखा गया। अनंत लॉन्गटाइम गर्लफ्रेंड राधिका मर्चेंट के साथ शादी कर रहे हैं। गुजरात के जामनगर में तीन दिनों का प्री-वेडिंग फंक्शन हुआ, जिसमें पूरा बॉलीवुड उमड़ पड़ा।

## दिलजीत और बादशाह के गाने पर तब्बू, करीना और कृति ने बिखेरे रंग

तब्बू, करीना कपूर खान और कृति सेनन की फिल्म क्रू अपने पहले टीजर से ही खूब सुर्खियों में छाई हुई है। इस फिल्म को लेकर लोगों की बेसब्री बढ़ने लगी है। इस साल की मोस्ट अवेटेड इस फिल्म का गाना क्रू पहला ट्रैक नैना रिलीज हुआ है और अब ये गाना भी लोगों को उतनी ही पसंद आ रहा है। इस म्यूजिक वीडियो में फिल्म की तीनों लीड एक्ट्रेसेस तब्बू, करीना कपूर खान और कृति सेनन काफी ग्लैमरस दिख रही हैं, जिनके इर्द-गिर्द फिल्म की पूरी कहानी दर्शकों को खूब एंटरटेन करने वाली है। फिल्म का ये गाना दिलजीत दोसांझ और बादशाह ने मिलकर तैयार किया है। अपने अनोखे अंदाज और बेमिसाल स्वैग के लिए जाने जाने वाले, दिलजीत और बादशाह ने नैना को अपने धमाकेदार एनर्जी और कैची बीट्स से भर दिया है जिसके लिए वे खासकर जाने भी जाते हैं। दिलजीत की दिल छू लेने वाली आवाज, ताल और मेलोडी शानदार है और वहीं बादशाह का सिग्नेचर रैप ट्रैक ने इस गाने को और भी खूबसूरत बना डाला है।

## मर्डर मुबारक ट्रेलरः सारा से करिश्मा तक, कौन है कातिल?



नेटफ्लिक्स पर एक सस्पेंस और थ्रिलर से भरी फिल्म रिलीज होने वाली है, जिसका नाम मर्डर मुबारक है। कई दिनों से इसकी चर्चा हो रही है और अब मेकर्स ने 5 मार्च को फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। करिश्मा कपूर से लेकर सारा अली खान जैसे तमाम सितारों से सजी फिल्म की कहानी एक मर्डर और 7 संदिग्धों के इर्द-गिर्द घूमती है। क्या पंकज त्रिपाठी मौत की गुत्थी सुलझा पाएंगे? ये जल्द ही पता चलेगा। पंकज त्रिपाठी एसीपी भवानी सिंह के किरदार में हैं। एक रईस फैमिली है, जहां एक मर्डर हुआ है। सात लोग शक के दायरे में हैं, इनके नाम हैं- सारा अली खान, करिश्मा कपूर, विजय वर्मा, डिंपल कपाड़िया, करिश्मा कपूर, संजय कपूर, टिस्का चोपड़ा और सुहैल नय्यर। इस फिल्म में आपको सबकुछ देखने को मिलेगा। नए जमाने का रईस परिवार। शानदार डायलॉग्स। एक्शन, गोलियां, खून-खराबा और रोमांस भी। ट्रेलर में सारा और विजय के स्टीमी लिप किस और इंटिमेट सीन की भी झलक है। और पंकज त्रिपाठी एक बार फिर अपने उसी पुराने स्टाइल में नजर आ रहे हैं और कातिल की खोजबीन कर रहे हैं। इस मूवी को आप व्ज्ज प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। ये 10 दिन बाद 15 मार्च को स्ट्रीम होगा। फिल्म के निर्देशक होमी अदजानिया ने कहा, मर्डर मुबारक वो जबरदस्त जादू है, जो इसे देखने के लिए मजबूर करता है।

# रोंगटे खड़े कर रहा 2 मिनट 17 सेकंड वाला सीन

*भारत के स्वतंत्रता संग्राम के नायकों में वीर सावरकर की अपनी एक खास जगह है और इस फिल्म में यही दिखाया गया है। वीर सावरकर को लेकर अंग्रेज सरकार किस कदर परेशान हो उठी थी और वो उन्हें ये एहसास दिला चुके थे कि उन्होंने जो कुछ किया है वो कितना गलत किया है। इस फिल्म में रणदीप हुड्डा वीर सावरकर के किरदार में दिखे हैं और अपने इस रोल को बखूबी जिया है, जिसे देखकर आपको एक पल के लिए लगेगा कि हम उनके बीच ही कहीं मौजूद हैं। रणदीप ने अपनी एक्टिंग से इस फिल्म में जान फूंक दी है। इस रोल के लिए उनके लुक्स में गजब का ट्रांसफॉर्मेशन भी दिखा है।*

**क्योंकि देश धर्म से ऊपर होता है**

फिल्म में वीर सावरकर के रोल में रणदीप के कुछ डायलॉग्स इस तरह से हैं, 1857 की लड़ाई में हिन्दू और मुसलमान एक होकर लड़े थे क्योंकि देश धर्म से ऊपर होता है। माजिनी ने अखंड इटली बनाया था, हम अखंड भारत बनाएंगे। वहीं अंकिता लोखंडे के साथ एक सीन है जिसमें वह कहती दिखती हैं- सागर के उस पार जाने से अशुभ हो सकता है। इसपर वीर सावरकर कहते दिखते हैं- ये सागर तो भारत माता के चरण ध ोता है, पूरी दुनिया घुमाकर मुझे फिर से तुम्हारे पास ले आएगी।

**जो जिंदा अंग्रेजों का कलेजा फाड़कर खा जाए**



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)




एक और डायलॉग है जिसमें वह कहते हैं- मैं ऐसे लोगों को ढूंढ रहा हूं जो जिंदा अंग्रेजों का कलेजा फाड़कर खा जाए। अब बातों और मीटिंग का समय समाप्त, हमें यहां से भारत बंदूकें भेजनी होंगी और अंग्रेजी फौज में अपने सिख भाइयों को चिट्ठी लिखनी होगी कि वो बगावत के लिए तैयार रहें।श इस ट्रेलर के अंत में रणदीप का एक डायलॉग है जिसमें कह रहे हैं- आपने कभी सोचा है कि कांग्रेस के किसी मेंबर को काले पानी की सजा क्यों नहीं हुई?

**22 मार्च को रिलीज हो रही फिल्म**

करीब 3 मिनट 21 सेकंड के इस ट्रेलर में भारत को आजादी देने की इस कहानी की झलकियों ने लोगों की उत्सुकता और बेचैनी बढ़ा दी है। अब लोग इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बता दें कि ये फिल्म शहीदी दिवस के मौके पर इस साल 22 मार्च को रिलीज होगी।

**जो ट्रांजिशन दिखा है वह रोंगटे खड़े करने वाला है**

लोगों ने इस ट्रेलर की जी भरकर तारीफ की है। एक ने कहा- स्वातंर्त्यवीर सावरकर वो है जो आग के समान बाघ हैं। एक ने कहा- रणदीप ने क्या परफॉर्मेंस दिया है, आखिरी डायलॉग जबरदस्त है। 2 मिनट 17 सेकंड पर जो ट्रांजिशन दिखा है वह रोंगटे खड़े करने वाला है।

**इसलिए महेश मांजरेकर ने इस फिल्म से खुद को किया अलग**

मजेदार ये है कि रणदीप हुड्डा ने इस फिल्म का डायरेक्शन भी खुद किया है और लीड रोल भी उन्होंने खुद ही निभाई है। रणदीप डायरेक्टर के तौर पर इस फिल्म से डेब्यू कर रहे हैं। हालांकि, जब ये फिल्म अनाउंस हुई थी तो इसके डायरेक्टर महेश मांजरेकर थे, लेकिन बाद में उन्होंने इस प्रोजेक्ट से किसी वजह से किनारा कर लिया। बताया जाता है कि उनके और रणदीप के बीच क्रिएटिव डिफरेंस था। इतना ही नहीं माजरेकर ने ये भी कहा था कि जब ये फिल्म बननी शुरू हुई थी तो रणदीप अपने किरदार सावरकर को लेकर ऑब्सेस्ड होने लगे और यही फिल्म से उनके अलग होने की वजह बनी।

# बोले नाना पाटेकर-अब ये तय करो कि गवर्नमेंट किसकी लानी है



*एक्टर ने किसान के सपोर्ट में कुछ बातें कही हैं। उन्होंने रुख कड़ा करते हुए कहा है- अब वक्त है कि किसान कुछ मांगे नहीं बल्कि तय करे कि उन्हें देश में किसकी सरकार लानी है और इसी के साथ उन्होंने राजनीति की दुनिया में कदम रखने की ओर भी इशारा कर दिया है।*

अपनी बातें हमेशा खुलकर कहने वाले नाना पाटेकर ने हमेशा ही किसानों को सपोर्ट किया है। आजतक की रिपोर्ट के मुताबिक, नाना ने कहा है- पहले 80-90 प्रतिशत लोग किसान थे, अब किसान 50 प्रतिशत हैं। उन्होंने कहा है, सरकार से अब कुछ मांगो मत, अब ये तय करो कि सरकार किसकी लानी है।

**नाना पाटेकर ने कहा- राजनीति में वो क्यों नहीं आ सकते**

उन्होंने अपनी स्थिति भी साफ की और कहा कि वह राजनीति में नहीं आ सकते। इसकी वजह बताते हुए उन्होंने कहा है, अगर मैं राजनीति में आया तो पेट में है वही मुंह पर आ जाएगा और मुझे पार्टी से निकाल दिया जाएगा। पार्टियां बदलते-बदलते एक महीने के अंदर सारी पार्टियां खत्म हो जाएंगी। लेकिन यहां हम किसान भाइयों के सामने दिल की बात कर सकते हैं।श नाना ने आगे कहा- जो हमें रोज खाना देता है उसकी किसी को पड़ी नहीं, तो हमें आपकी (सरकार) की क्या पड़ी है?

**मैं आत्महत्या भी कर लूं तो भी किसान ही बनकर जन्म लूंगा**

उन्होंने ये भी रहा कि वह किसान के रूप में जन्म लेना चाहेंगे। उन्होंने कहा, अगर मैं आत्महत्या भी कर लूं तो भी किसान ही बनकर जन्म लूंगा, किसान कभी ये नहीं कहेगा नहीं कि मैं किसान के रूप में जन्म नहीं लेना चाहता हूं।

**किसानों की मदद के लिए बनाई है संस्था**

एक्टर ने किसानों की मदद के लिए एक संस्था बनाई थी ताकि उन्हें आत्महत्या करने से रोका जा सके। नाना ने आर्थिक तंगी की वजह से जान देने वाले किसानों की 180 विधवाओं को 15-15 हजार रुपए की मदद भी दी थी।

**द वैक्सीन वहरश में दिखे थे नाना पाटेकर**

वर्कफ्रंट की बात करें तो, नाना पाटेकर हाल ही में द वैक्सीन वॉर में नजर आए थे। हालांकि, फिल्म को वैसी सफलता नहीं मिली जिसकी उम्मीद की जा रही थी।

# हेल्दी कहे जाने वाले ये फूड्स शरीर को बना देते हैं बीमारियों का अड्डा



*रोजाना पौष्टिक और संतुलित आहार लेना बीमारियों से दूर रहने में मदद करता है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के अनुसार, पोषण से भरपूर आहार में दालें, हरी सब्जियां और फल, अनाज (जौ, चावल, गेहूं, मक्का या राई) और पशु प्रोटीन (अंडे, मांस, दूध और मछली) जैसे खाद्य पदार्थ शामिल होने चाहिए। लेकिन कभी–कभी, जो चीजें हेल्दी लगती हैं, वे हमेशा फायदेमंद नहीं होतीं।*

**डाइट फूड**

डाइट फूड या वजन कम करने के लिए लेबल वाले प्रोडक्ट इन्हें पसंद नहीं हैं, इन्हें सिर्फ महिलाओं के लिए बनाए जाते हैं। वास्तव में ऐसे फूड्स सिर्फ मार्केटिंग का खेल हैं। उनका कहना है कि ये कैलोरी से भरपूर अन्य खाद्य पदार्थों से अलग नहीं हैं और यह भ्रम पैदा करते हैं कि अगर कोई व्यक्ति डाइट फूड खाता है, तो वह उन्हें बड़ी मात्रा में खा सकता है।

**एनर्जी बार:** सिमरन चोपड़ा का दावा है कि इन एनर्जी बार में आमतौर पर 100 से ज्यादा कैलोरी होती हैं और ये शुगर में बहुत अधिक होती हैं। उनका कहना है कि जब उन्हें एनर्जी कम लगती है, तो वह इसके पीछे के कारण को जानने और समस्या को हल करने की कोशिश करती हैं। सिमरन का मानना है कि एनर्जी बार की जगह केला या सेब खाने से उनकी कैलोरी और शुगर के सेवन को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी।

**स्मूदी बाउल्स:** सिमरन चोपड़ा के अनुसार, इसमें लगभग 700 कैलोरी होती हैं और इनमें बहुत अधिक मात्रा में शुगर भी हो सकती है। इसके बजाय, उन्होंने सभी को सलाह दी कि वे अपने कैलोरी सेवन के अनुसार किसी डायटीशियन से सलाह लें। उन्होंने दावा किया कि अगर सही तरीके से पालन किया जाए, तो इससे वजन कम करने में भी मदद मिल सकती है।

**ग्रैनोला:** सिमरन चोपड़ा ने बताया कि इसमें मौजूद ज्यादातर पोषक तत्व दूध से ही आते हैं। उन्होंने कहा कि इसके बजाय घर पर बनाया गया सीरियल मिक्स बेहतर ऑप्शन है। दूध के साथ एक कटोरी में थोड़ा सा शहद या कुछ फलों का टॉपिंग चीनी डालने के बजाय मिठास लाने में मदद करेगा। हालांकि, यह ध्यान रखें कि ग्रैनोला कई लोगों का पसंदीदा नाश्ता हो सकता है, इसलिए सिमरन कम कैलोरी वाली ग्रैनोला रेसिपी चुनने का सुझाव देती हैं।

**चिक्की:** सिमरन चोपड़ा एक अन्य लोकप्रिय स्नैक, चिक्की को भी बहुत ज्यादा मीठा होने के कारण खाने से मना करती हैं। उनका कहना है कि इसका सिर्फ एक टुकड़ा ही काफी होता है। उनकी जगह क्या लें? उनका सुझाव है कि आप राजगीरा खा सकते हैं।




## विटामिन डी की ज्यादा खुराक लेने से व्यक्ति की मौत

विटामिन डी एक आवश्यक पोषक तत्व है जो शरीर को कई तरह से स्वस्थ रहने में मदद करता है। इसे धूप, कुछ खाद्य पदार्थों और सप्लीमेंट्स से लिया जा सकता है। इसकी कमी से हड्डियां और मांसपेशियां कमजोर हो सकती हैं। हालांकि इसे ज्यादा मात्रा में लेना भी खतरनाक है। ब्रिटेन में एक 89 वर्षीय व्यक्ति डेविड मिचेनर की मौत अधिक मात्रा विटामिन डी लेने से हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, मिचेनर कम से कम नौ महीनों से विटामिन डी सप्लीमेंट्स ले रहे थे। उनकी मृत्यु से पहले, एक टेस्ट में उनके विटामिन डी का लेवल 380 (बहुत ज्यादा) पाया गया था। जांच में यह निष्कर्ष निकाला गया कि मिचेनर की मृत्यु विटामिन डी विषाक्तता, हाइपरकैल्सीमिया और हार्ट और किडनी के डैमेज होने की वजह से हुई। विटामिन डी शरीर के भीतर कैल्शियम और फॉस्फेट के स्तर को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो स्वस्थ हड्डियों, दांतों और मांसपेशियों को बनाए रखने के लिए आवश्यक है। विटामिन डी की कमी बच्चों में रिकेट्स और वयस्कों में ऑस्टियोमलेशिया से होने वाले हड्डियों में दर्द जैसी हड्डी संबंधी असामान्यताओं का कारण बन सकती है।

## खांसी शुरू होने के 72 घंटे तक नहीं लेनी चाहिए दवा

जब मौसम बदलता है तो वह हमें समय देता है कि हम अपने रुटीन, कपड़े, खानपान आदि में मौसम के मुताबिक बदलाव करें। कई लोग इसे गंभीरता से लेते हैं और बदलाव करते भी हैं। जो ऐसा करते हैं, उन्हें मौसम बदलने पर इतनी परेशानी नहीं होती, लेकिन ज्यादातर लोग ऐसा नहीं करते। तब परेशानी बढ़ जाती है। ठंडी हवाओं (यह जरूरी नहीं कि कंपकंपाने वाली हवा हो) से बचना चाहिए। मौसम बदलने की शुरुआत से ही गुनगुना पानी पीना शुरू कर सकते हैं। खानपान में फ्रिज में रखी चीजों को बाय–बाय कर देना चाहिए। इनके अलावा सर्दियों में पलूशन का स्तर भी बढ़ जाता है। इससे दमे के मरीजों या उन लोगों को जिन्हें एलर्जी ज्यादा परेशान करती है, उनमें खांसी की शिकायत ज्यादा हो जाती है। दूसरी ओर, जब मौसम बदल रहा हो तो हमारी इम्यूनिटी कुछ कमजोर हो जाती है। शरीर, बदलाव के लिए पूरी तरह तैयार नहीं होता। पर हम अपना खानपान, रहन–सहन नहीं बदलते। सर्दी में भी ज्यादा सर्द चीजें खाते रहते हैं। यहां तक कि खांसी शुरू होने पर भी ज्यादा तली–भुनी चीजें भी खाते रहते हैं। इस पर पलूशन की वजह से सांस की नलियों में सूजन तो आम हो जाता है। नतीजा खांसी।

## चिकन–अंडे जितना प्रोटीन लिए बैठी ये सब्जी, एक–एक मसल्स में भर देगी ताकत



प्रोटीन शरीर के कई अंगों के लिए जरूरी है, बालों से लेकर मांसपेशियों तक यह शरीर के विकास और उसे स्वस्थ रखने के लिए जरूरी है। आप जानते होंगे कि दालें, दूध, मांस, मुर्गी और समुद्री भोजन प्रोटीन के स्रोत हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि कुछ सब्जियां भी प्रोटीन से भरपूर होती हैं? प्रोटीन से भरपूर हरी सब्जियां? बेशक मांस, मछली और अंडे जैसे खाद्य पदार्थ प्रोटीन के अच्छे स्रोत होते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि कई हरी सब्जियां भी प्रोटीन से भरपूर होती हैं? न्यूट्रिशनिस्ट और डाइटीशियन शिखा अग्रवाल शर्मा के अनुसार, अन्य सब्जियों में भी प्रोटीन होता है, लेकिन नीचे बताई लिस्ट में शामिल सब्जियों में प्रोटीन की मात्रा ज्यादा होती है। इन सब्जियों में प्रोटीन के अलावा शरीर के बेहतर कामकाज की लिए सभी अन्य पोषक तत्व भी पाए जाते हैं। एक कप हरी मटर में 8 ग्राम प्रोटीन होता है। इसके अलावा, यह फाइबर का भी अच्छा स्रोत है, जो एक कप में दैनिक आवश्यकता का 35 प्रतिशत पूरा करता है। रात के खाने में पास्ता, स्टिर–फ्राई या सूप में मटर डालकर स्वाद और पोषण दोनों बढ़ाएं। इस सूची में दूसरी सबसे अधिक प्रोटीन वाली सब्जी होने के साथ–साथ पालक में कई अन्य पोषक तत्व भी पाए जाते हैं। एक कप पालक में 6 ग्राम प्रोटीन होता है।इसमें विटामिन ए, विटामिन ज्ञ और विटामिन सी जैसे पोषक तत्व भरपूर मात्रा में होते हैं।

# ये चीजें दिखने पर घर ना बैठें, कम उम्र में हो गया ये भयंकर कैंसर

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*कोलन कैंसर आमतौर पर उम्र बढ़ने के बाद होता है। मगर यह जानकर पैरों के नीचे जमीन खिसक जाएगी कि अब इसका खतरा 20 और 30 की उम्र में भी हो गया है। अनहेल्दी डाइट, मोटापा, एक्सरसाइज ना करने की वजह से कम उम्र के लोग भी कोलन कैंसर के शिकार हो रहे हैं। यह कैंसर कोलन यानी बड़ी आंत और रेक्टम से शुरू हो सकता है। यह दूसरा सबसे खतरनाक कैंसर है जिसके प्रभावी इलाज के लिए जल्दी पकड़ना बहुत जरूरी है। रिपोर्ट के मुताबिक विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बताया कि 2020 में कोलोरेक्टल (कोलन) कैंसर के 19 लाख नए मामले देखने को मिले। मरने वालों की संख्या भी 9 लाख से ज्यादा थी। हालिया शोध बताते हैं कि यह जवानी में ही लोगों की जान ले रहा है। इसलिए इसे वक्त पर पकड़ने के लिए कुछ आम लक्षणों की जानकारी होनी चाहिए।*

**बहवल हैबिट में बदलाव**

हर सुबह पेट साफ करना एक अच्छी आदत है। इससे पेट की सारी गंदगी बाहर निकल आती है और सफाई हो जाती है। लेकिन अगर आप जरूरत से ज्यादा या बहुत कम मल त्याग करते हैं तो यह इस कैंसर का संकेत हो सकता है। मेडलाइन प्लस के मुताबिक, डायरिया या कब्ज होना कोलन कैंसर का प्रमुख लक्षण है।



**पेट साफ करते हुए ब्लीडिंग होना**

पॉटी में ब्लीडिंग को किसी भी उम्र में इग्नोर नहीं करना चाहिए। अगर आपको मल में खून दिखता है तो तुरंत डॉक्टर को इसकी सूचना दें। हालांकि इसके पीछे बवासीर या फिशर जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। मगर कोलन कैंसर के खतरे से भी मना नहीं किया जा सकता है।

**पेट दर्द**

गुरुग्राम स्थित पारस हेल्थ के मेडिकल ऑनकोलॉजी और हेमाटोलॉजी की प्रमुख और वाइस चेयरपर्सन डॉ. ज्योति वाधवा ने पेट दर्द को नजरअंदाज ना करने की सलाह दी है। अगर दवा लेने के बाद भी पेट में लगातार दर्द, क्रैम्प या असहजता का सामना करना पड़ रहा है तो डॉक्टर को जरूर दिखाएं।

**अचानक वेट लॉस होना**

हर कोई चाहता है कि बिना मेहनत किए उसका वजन कम हो जाए। लेकिन ऐसा होना खतरे की घंटी हो सकती है। कोलन कैंसर समेत यह कई बीमारियों का संकेत हो सकता है। इसलिए आपको डॉक्टर से बात करनी चाहिए।

**थकावट**

अगर आपको हर वक्त थकान रहती है तो इसे हल्के में ना लें। पर्याप्त नींद लेने के बाद भी आलस और थकान कोलन कैंसर की निशानी हो सकते हैं। अगर सबकुछ सही होने के बावजूद आपको ये समस्या हो रही है तो चिकित्सक से जरूर मिलें।



**रांची टेस्ट में इंग्लैंड को 5 विकेट से मिली हार**

इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय टीम को चौथे टेस्ट में 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। रांची टेस्ट में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया था। पहले बैटिंग करते हुए इंग्लैंड टीम ने पहली पारी में 353 रन का स्कोर बनाया। इसके जवाब में भारतीय टीम पहली पारी में 307 रन बना सकी। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 145 रन बनाए। इसके बाद भारत ने 192 रन बनाए और यह मुकाबला जीत लिया।

## धर्मशाला में पहली बार टेस्ट मैच खेलेगी इंग्लिश टीम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। धर्मशाला टेस्ट के लिए इंग्लैंड ने अपनी प्लेइंग–11 का एलान कर दिया है। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मैच 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाना है, जिसके लिए इंग्लैंड ने अपनी प्लेइंग–11 में एक बदलाव किया है। ये बदलाव इंग्लैंड की टीम के गेंदबाजी क्रम में हुआ, जहां मार्क वुड की वापसी हुई है तो ऑली रॉबिनसन को बाहर का रास्ता दिखाया गया। हैरानी की बात यह है कि रॉबिनसन ने रांची टेस्ट में बल्ले से अहम योगदान दिया था, लेकिन इसके बावजूद उन्हें प्लेइंग–11 से बाहर किया गया। दरअसल, भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट मैच के लिए इंग्लैंड ने प्लेइंग 11 का एलान किया है, जिसमें ऑली रोबिनसन की जगह मार्क वुड को जगह मिली है। मार्क वुड ने इस सीरीज में दो टेस्ट मैच खेलते हुए 4 विकेट झटके हैं। उनका परफॉर्मेंस कुछ खास नहीं रहा, लेकिन फिर भी उन्हें प्लेइंग–11 में मौका मिला, जबकि रांची टेस्ट में रॉबिनसन विकेट लेने में कामयाब नहीं हुए थे, लेकिन उन्होंने बल्ले से अहम योगदान दिया था। भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट में मार्क वुड ने 58 रन की पारी खेली थी और ओली पोप के साथ शानदार साझेदारी भी निभाई थी।

# धर्मशाला में टीम इंडिया धुआंधार तैयारी में जुटी

**क्रिकेट**

## 100वें टेस्ट की तैयारी में अश्विन, देवदत्त पडिक्कल कर सकते हैं डेब्यू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का आखिरी मुकाबला धर्मशाला में खेला जाएगा। इस मैच के लिए टीम इंडिया धुआंधार तैयारी में जुटी हुई है। पिच के मिजाज को देखते हुए स्पिन गेंदबाजों ने जमकर नेट्स में पसीना बहाया। इसके अलावा मुकेश कुमार, ध्रुव जुरेल और अन्य बाकियों खिलाड़ियों ने भी बारी–बारी से नेट्स सेशन में हिस्सा लिया। टीम इंडिया इंग्लैंड के खिलाफ इस सीरीज में 3–1 से आगे है। ऐसे में उसकी कोशिश होगी कि वह 4–1 से हराकर मेहमान टीम को विदाई दे।

टीम इंडिया के अनुभवी स्पिन गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन का धर्मशाला में करियर का 100वां टेस्ट मैच होगा। इस खास मुकाबले को यादगार बनाने के लिए अश्विन ने जमकर प्रैक्टिस की। खास तौर से गेंदबाजी को और धारदार बनाने के लिए उन्होंने नेट्स में लंबा बिताया। ऐसे में उम्मीद है कि अश्विन अपने 100वें टेस्ट मैच बेहतरीन प्रदर्शन कर इसे खास बनाने में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे।



टीम इंडिया के ओपनर बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने भी नेट्स में जमकर प्रैक्टिस की। यशस्वी इंग्लैंड के खिलाफ इस सीरीज में धमाल मचा रहे हैं। यशस्वी इंग्लैंड के खिलाफ अब तक खेले गए चार टेस्ट मैचों में दो दोहरा शतक और दो फिफ्टी लगा चुके हैं। टीम इंडिया के इस युवा ओपनर बल्लेबाज ने 8 पारियों में कुल 655 रन बनाए हैं। ऐसे में अब उनकी नजर सुनील गावस्कर के एक सीरीज में सबसे अधिक 774 रन बनाने के रिकॉर्ड को भेदने पर होगी।

टीम इंडिया के स्पिनर कुलदीप यादव भी धर्मशाला टेस्ट की तैयारी में कोई कमी नहीं छोड़ रहे हैं। कुलदीप ने पिछली बार 2017 में धर्मशाला में खेले गए टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार विकेट झटके थे। ऐसे में अब इंग्लैंड के खिलाफ भी उम्मीद है कि कुलदीप यादव अपनी फिरकी का जादू चलाएंगे।

राजकोट टेस्ट में डेब्यू करने वाले सरफराज खान ने अपने पहले ही मैच में दो फिफ्टी लगाकर बता दिया वह अब रुकने वाले नहीं है। भारतीय पिचों पर जिस तरह से सरफराज खान स्पिन गेंदबाजों को पिटाई लगाते हैं, उससे इंग्लैंड का खेमा जरूर परेशान हो रहा होगा। वहीं टीम इंडिया को भी उम्मीद होगी कि सरफराज खान धर्मशाला में खूब धमाल मचाए। इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला टेस्ट मैच में बाएं हाथ के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल को डेब्यू का मौका मिल सकता है।

## इंग्लैंड वाले मांग रहे थे जायसवाल की बैटिंग का क्रेडिट

■पंत का नाम लेकर रोहित शर्मा ने धो दिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

धर्मशाला। भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दूसरे और तीसरे मैच में उन्होंने दोहरा शतक ठोका था। राजकोट में हुए मुकाबले में तो यशस्वी ने दूसरी पारी में 12 छक्कों की मदद से दोहरा शतक बनाया। इस टेस्ट के दौरान इंग्लैंड के ओपनर बेन डकेट ने यशस्वी जायसवाल के बैटिंग के तरीके लिए बैजबॉल को क्रेडिट देने को कहा था।

ब्रैंडन मैकुलम के कोच बनने के बाद से इंग्लैंड के बल्लेबाज तेजी से रन बनाते हैं। इस खेलने के तरीके को बैजबॉल कहा जाता है। इंग्लैंड के ओपनर बेन डकेट ने कहा था, जब आप विपक्षी टीम के खिलाड़ियों को इस तरह खेलते हुए देखते हैं, तो ऐसा लगता है कि हमें कुछ श्रेय लेना चाहिए। वे अपनी नेचुरल शैली से कुछ अलग तरीके से खेल रहे हैं। हमने मौजूदा क्रिकेट सीजन में कई बार ऐसा देखा है। यह देखना काफी रोमांचक है कि अन्य खिलाड़ी और अन्य टीमें भी उस आक्रामक शैली की क्रिकेट खेल रही हैं।

भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का 5वां और आखिरी मैच धर्मशाला में गुरुवार को शुरू होने वाला है। इस मैच से पहले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने मीडिया से बात की। रोहित शर्मा से यहां बेन डकेट के बयान पर सवाल किया गया। इसपर भारतीय कप्तान ने कहा– हमारी भारतीय टीम में ऋषभ पंत नाम का एक खिलाड़ी था, शायद बेन डकेट ने उसे खेलते हुए नहीं देखा होगा।

5 मैचों की इस सीरीज में भारतीय टीम अजेय बढ़त बना चुकी है। पहले मैच को इंग्लैंड ने अपने नाम किया था। उसके बाद भारत ने लगातार तीन मैचों को अपने नाम किया। रांची में हुए चौथे टेस्ट में टीम इंडिया कई बार मुश्किल में आई। लेकिन अंत में रोहित शर्मा की टीम ने इंग्लैंड को हराकर सीरीज में अजेय बढ़त हासिल कर ली।

## ओलिंपिक क्वालीफायर में निशांत देव की दमदार जीत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बस्तो अर्सिजियो। विश्व चैंपियनशिप के ब्रॉन्ज मेडल विजेता निशांत देव ने ब्रिटेन के मुक्केबाज लुईस रिचर्डसन को 3–1 हरा दिया। इस जीत के साथ ही निशांत देव पहले ओलिंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की, लेकिन अनुभवी शिव थापा को पहले दौर में ही हार का सामना करना पड़ा। पुरुषों के 71 किग्रा भार वर्ग में निशांत ने राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता रिचर्डसन के खिलाफ शुरू से ही आक्रामक रवैया अपनाया और पहले राउंड में 4–1 से जीत दर्ज की। यह 23 साल के भारतीय मुक्केबाज दूसरे राउंड में अपने प्रतिद्वंद्वी पर पूरी तरह हावी हो गया और उन्होंने अपने दाहिने हाथ से कुछ जोरदार मुक्के जमाए। निशांत ने इस राउंड को 5–0 से जीता। निशांत ने तीसरे राउंड में अपनी बढ़त को बरकरार रखने के लिए रक्षात्मक रवैया अपनाया तथा आखिर में विभाजित फैसले से जीत हासिल की।

## न्यूज डायरी



### धर्मशाला में चलेगा फिरकी का जादू या बैटिंग में मचेगा धमाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** धर्मशाला। भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवें टेस्ट मैच की शुरुआत 7 मार्च से धर्मशाला में होने जा रही है। सीरीज में टीम इंडिया ने 3–1 बढ़त बना रखी है। ऐसे में चौथे टेस्ट में भी टीम इंडिया की कोशिश होगी कि वह जीत हासिल कर सीरीज का अंत करे। सीरीज में टीम इंडिया की शुरुआत हार से हुई थी, लेकिन लगातार तीन टेस्ट में जीत के साथ रोहित सेना ने अंग्रेजों को पूरी तरह से दहला दिया है। धर्मशाला में टीम इंडिया ने इससे पहले सिर्फ एक ही टेस्ट मैच खेली है, जिसमें उसने ने ऑस्ट्रेलिया को 2017 में 8 विकेट से हराया था। ऐसे में अब इंग्लैंड के खिलाफ इस मुकाबले से पहले आइए जानते हैं कैसी होगी यहां की पिच। गेंदबाजों का रहेगा दबदबा या फिर बल्लेबाजी में मचेगी धूम। धर्मशाला के मैदान पर 7 साल पहले भारतीय टीम टेस्ट मैच खेलने उतरी थी। इस मैदान की पिच को लेकर माना जाता है कि यह स्पिन गेंदबाजों के फेवर करती है। साल 2017 में खेले टेस्ट मैच में इस मैदान पर कुल 30 विकेट गिरे थे, जिसमें 18 विकेट स्पिन गेंदबाजों के नाम रहा और सिर्फ 12 विकेट ही तेज गेंदबाज ले पाए थे। ऐसे में यह तो साफ है इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम टेस्ट मैच में भी स्पिन गेंदबाज अपनी फिरकी से बल्लेबाजों को नचाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। वहीं अगर बात की जाए बल्लेबाजी की तो टेस्ट में इस मैदान पर सबसे बड़ा स्कोर 332 रन है।

### केन विलियमसन ने रॉस टेलर के बयान के बाद तोड़ी चुप्पी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। न्यूजीलैंड टीम के पूर्व बल्लेबाज रॉस टेलर ने नील वैगनर के संन्यास को लेकर हाल ही में एक ऐसा बयान दिया, जिससे बवाल मच गया। 37 साल के वैगनर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट से एक दिन पहले संन्यास का एलान किया। वैगनर को इस वजह से ही प्लेइंग–11 में नहीं चुना गया था। इसके बावजूद वह पहले टेस्ट में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर ड्रिक्स लेकर पहुंचे थे। उन्होंने इस दौरान फैंस का दिल जीत लिया था। इस बीच रॉस टेलर ने एक कार्यक्रम में कहा कि नील को जबरन संन्यास दिलाया गया। उनके बयान के बाद अब न्यूजीलैंड टीम के दिग्गज केन विलियमसन ने चुप्पी तोड़ी है। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान केन विलियमसन ने नील वैगनर के संन्यास को लेकर चुप्पी तोड़ी। केन विलियमसन ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि किसी को भी कभी रिटायरमेंट लेने के लिए जबरदस्ती नहीं कर सकता। मुझे लगता है कि पिछला सप्ताह उनका शानदार रहा था और यह इस बात को दर्शा कर रहा था कि उनका करियर कितना अविश्वसनीय था। ड्रेसिंग रूम में हमारे पास कुछ अद्भुत पल थे। यह पूरी तरह से नहीं हुआ। जाहिर है, मैदान पर प्रदर्शन से मदद मिलती, लेकिन यह उससे कहीं अधिक था।

### सूर्यकुमार यादव ने सर्जरी के बाद पहली बार की बैटिंग, वापसी के दिए संकेत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव एक बार फिर सुर्खियों में हैं। हर जगह उनकी चर्चा हो रही है। यह हर कोई जानता है कि सूर्या टखने की सर्जरी के चलते काफी समय से क्रिकेट मैदान से दूर चल रहे हैं, लेकिन सफल सर्जरी के बाद वह रिकवर कर रहे हैं। उन्हें जिम में जमकर पसीना बहाते हुए देखा जा रहा है तो वहीं, हाल ही में सूर्या ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक स्टोरी शेयर की, जिसमें वह सर्जरी के बाद पहली बार हाथ में बल्ला पकड़े नजर आ रहे हैं। उन्होंने अपनी स्टोरी में नेट्स में अभ्यास करते हुए कुछ सेकंड की वीडियो शेयर की, जिसके बाद भारतीय फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। दरअसल, सूर्यकुमार यादव (नतलांनउंत ल्कंअ) ने भारत के आखिरी बार दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे मैच में खेला था, जिसमें फील्डिंग के दौरान उनका टखना मुड़ गया था। इस मैच की पहली पारी में उन्होंने शानदार शतक जमाया था। इसके बाद दूसरी पारी के दौरान वह अफ्रीकी बल्लेबाज द्वारा लगाए गए शॉट को रोककर गेंद को थ्रो करने के दौरान चोटिल हो गए थे। मैदान पर उन्हें दर्द से कराहता देख फिजियो की टीम पहुंची। हालांकि, मैच के बाद उन्होंने कहा था कि वह ठीक है और चोट ज्यादा गंभीर नहीं है, लेकिन जब वह भारत लौटे तो उनके टखने का स्कैन किया गया, जिसमें ग्रेड–2 स्तर का टियर (फटना) पाया।

पेज थ्री देहरादून
सड़क, रेल सुरंग निर्माण पर भूगर्भीय तथ्यों पर चर्चा करते हुए।





# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने ली केंद्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय बैठक

**संवाददाता** देहरादून। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी. आर.सी. पुरुषोत्तम ने बुधवार को केंद्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय बैठक ली। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में सभी प्रवर्तन एजेंसियों से प्रदेश में निर्वाचन प्रक्रिया को सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए एजेंसियों को आपसी समन्वय बनाते हुए प्रवर्तन कार्रवाई को और प्रभावी बनाने की अपेक्षा की है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम ने निर्देश दिये कि जिन एजेंसियों को इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम में दैनिक कार्रवाई की रिपोर्ट अपलोड करने संबंधी किसी प्रकार की कठिनाई आ रही हो, उन सभी एजेंसियों की पुनः ट्रेनिंग करा दी जाए।

### सुराज सेवा दल ने अफसर के खिलाफ किया प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। सुराज सेवा दल ने पेयजल निगम के एक अफसर के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि अफसर ने भ्रष्टाचार से करोड़ों की संपत्ति अर्जित की है। जिसकी सीबीआई जांच होनी चाहिए। बुधवार को दल के कार्यकर्ता लैंसडाउन पर एकत्र हुए। यहां अधिकारी के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। महामंत्री देवेंद्र बिष्ट ने कहा कि इस अफसर ने एई से चीफ इंजीनियर बनने के सफर में करोड़ों रुपये की संपत्ति अर्जित की है। जिसकी विजिलेंस जांच भी हुई है।

### बंजारावाला में मिलेगी जन औषधि की सस्ती दवाएं

**संवाददाता** देहरादून। बंजारावाला में भी अब जन औषधि की सस्ती दवाएं मिलेंगी। बुधवार को शहीद नागेंद्र सकलानी मार्ग लेन नंबर तीन में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का शुभारंभ पूर्व जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ. आरपी जोशी, प्रो. बीना जोशी, डॉ राहुल बधानी ने संयुक्त रूप से किया। केंद्र संचालक डॉ. बीपी बधानी ने बताया कि हृदय, शुगर, न्यूरो, थायराइड, प्रोस्टेज आदि से जुड़ी बीमारियों की सस्ती दवाएं उपलब्ध होगी।

### अमेजन सहेली के साथ हिमालयन हाट का दस्तकार उद्यम

**संवाददाता** देहरादून। हिमालयन हाट की कहानी हाथ से बनी चीजों की विरासत और इसके संस्थापकों की पारिवारिक खेती से जुड़ी जड़ों में गुंथी हुई है, जो एक समृद्ध उद्यम तैयार कर इस क्षेत्र में महिलाओं का उत्थान कर रही है। उनकी यात्रा दर्शाती है कि अमेजन सहेली कार्यक्रम की मदद से महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिहाज से कितना बड़ा बदलाव आ सकता है। हिमालयन हाट की कहानी, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की मूल भावना के अनुरूप सशक्तिकरण और लचीलेपन के सार को प्रतिध्वनित करती है।

# लोगों का आवा–गमन सुविधाजनक हो, इसके लिये हम निरंतर प्रयासरत

**शुभारम्भ**

■ मुख्यमंत्री ने दून–अयोध्या, दून–अमृतसर, दून–पंतनगर–वाराणसी के लिये किया हवाई सेवाओं का शुभारम्भ

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को जौलीग्रांट एयर पोर्ट से देहरादून–अयोध्या, देहरादून–अमृतसर, देहरादून–पंतनगर–वाराणसी के लिये एयर कनेक्टिविटी के अंतर्गत दीप प्रज्जवलित कर, केक काटकर तथा फ्लैग ऑफ कर एलाइंस एयर की उड़ानों का शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारा यह प्रयास है कि सम्पूर्ण उत्तराखंड के अंदर लोगों का आवा–गमन सुविधाजनक, सरल व आसान हो, इसके लिये हम निरंतर प्रयासरत हैं तथा देश के लोग उत्तराखण्ड के विभिन्न स्थानों में आसानी से आ जा सकें, जिसके लिये हम लगातार कार्य कर रहे हैं।



मुख्यमंत्री ने हवाई सेवाओं का उल्लेख करते हुये कहा कि इसके पूर्व हमने देहरादून से पिथौरागढ़ तथा पिथौरागढ़ से देहरादून के लिये एयर कनेक्टिविटी करने के साथ ही हल्द्वानी से चम्पावत, मुनस्यारी तथा पिथौरागढ़ के लिये हेली सेवाओं का शुभारम्भ कर चुके हैं। उन्होंने आज प्रारम्भ हो रही उड़ानों का उल्लेख करते हुये कहा कि आज का दिन काफी शुभ है, जिसके तहत देहरादून अयोध्या, देहरादून–अमृतसर, देहरादून–पंतनगर–वाराणसी के लिये हवाई सेवाओं का शुभारम्भ किया गया है।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का उल्लेख करते हुये कहा कि उनके नेतृत्व तथा कालखण्ड में हवाई सेवा क्षेत्र सहित प्रत्येक क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने इन हवाई सेवाओं के माध्यम से अयोध्या आदि स्थानों के लिये यात्रा करने वाले यात्रियों से जय श्री राम के उद्घोष के बीच मुलाकात तथा बातचीत की और उन्हें मंगल यात्रा की शुभकामनायें दीं। इस अवसर पर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, सचिव सचिन कुर्वे, अपर सचिव सी. रवि शंकर, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी यूकाडा दयानन्द सरस्वती, हरीश कोठारी सहित सम्बंधित पदाधिकारी तथा अधिकारीगण उपस्थित थे।

### सड़क, रेल सुरंग निर्माण पर भूगर्भीय तथ्यों पर हुई चर्चा

**संवाददाता** देहरादून। डॉ. आर एस टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी के महानिदेशक वी पी पाण्डे के दिशा–निर्देशों के तहत् एवं राज्य आपदा एवं पुनर्वास विभाग के सहयोग से प0 दीन दयाल वित्त संस्थान सुद्धोवाला में Sustainable Development: Himalayan Knowledge Network विषयक कार्यशाला के बुधवार को द्वितीय दिवस सड़क, रेल सुरंग निर्माण हेतु भूगर्भीय तथ्यों पर चर्चा की गयी तथा अगले सत्र में वन भूमि का उपयोग अन्य परियोजन में कैसे किया जा सकता है, इस पर चर्चा की गई। सचिव आपदा प्रबन्धन/निदेशक सीटीआरएफए डॉ रंजीत कुमार सिन्हा ने समस्त प्रतिभागियों व कार्यशाला टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम निदेशक ओम प्रकाश ने कार्यक्रम के अंत में कार्यशाला में उठाये गये विषयों एवं सुझावों को सचिव आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग को प्रेषित करने तथा हिमालय के सत्त विकास हेतु एक ठोस रणनीति बनाये जाने हेतु सभी राज्यवासियों से अपील की ताकि हिमालय के ज्ञान को संरक्षित किया जा सके।

# निर्माण कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग के सख्त निर्देश

**बैठक**

■ मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने सेतुओं की सुरक्षा के सम्बन्ध में बैठक ली

**संवाददाता**

देहरादून। राज्य में पुलों की सुरक्षा के मुद्दे को गम्भीरता से लेते हुए मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने लोक निर्माण विभाग को खनन, वन एवं सिंचाई विभाग के लिए स्पष्ट एसओपी व गाईडलाइन्स बनाने एवं लागू करवाने के निर्देश दिए हैं। सीएस श्रीमती राधा रतूड़ी ने पुलों के निर्माण एवं मेंटनेस में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने तथा निर्माण कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग के सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी सम्बन्धित विभागों सहित जिलाधिकारियों को सेतुओं के निर्माण एवं देखरेख का निरन्तर पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिए हैं। सीएस ने प्रतिबन्धित क्षेत्रों में खनन रोकने हेतु सीसीटीवी लगाने के निर्देश दिए हैं।



श्रीमती राधा रतूड़ी ने कहा कि प्रतिबन्धित क्षेत्रों में खनन गतिविधियों की शिकायत जनता द्वारा की जा सके इसके लिए हेल्प लाइन का मेकेनिज्म मजबूत किया जाय। इस सम्बन्ध में जनजागरूकता बढ़ाई जाए। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने सचिवालय में राज्य में पुलों की सुरक्षा के सम्बन्ध में लोक निर्माण विभाग, वन विभाग, सिंचाई विभाग एवं खनन विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान सिंचाई विभाग को नदी पर स्थित ब्रिज की सुरक्षा हेतु अपस्ट्रीम व डाउनस्ट्रीम में रिवर ट्रेनिंग/फ्लड प्रोटेक्शन वर्क के निर्माण हेतु हाइड्रोलोजिकल पैरामीटर्स के आधार पर हाइड्रोलिक एनालेसिस कर डिजाइन के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव श्रीमती रतूड़ी ने सभी सम्बन्धित विभागों को इन्टिग्रेटेड अप्रोच के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

### गंगोत्री विहार में पार्क के सौंदर्यकरण कार्य का लोकार्पण

**संवाददाता** देहरादून। कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने दून के गंगोत्री विहार में पार्क के सौंदर्यकरण कार्य का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में टिहरी से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी माला राज्यलक्ष्मी शाह को विजयी बनाकर लोकसभा में पार्टी को 400 के लक्ष्य पार करवाना है। काबीना मंत्री गणेश जोशी ने 24 लाख की लागत से निर्मित गंगोत्री विहार में पार्क का सौन्दर्यीकरण कार्य का लोकार्पण तथा गंगोत्री विहार में पीसी टावर के पास एक और पार्क के सौन्दर्यीकरण कार्य का शिलान्यास किया। जनता को समर्पित पार्क में इस योजना के तहत बाउंडी का कार्य, लेंडस्केपिंग, पाथ वे, लाइटिंग, सिटिंग बैंच इत्यादि कार्य करवाये गये हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार लगातार जनहित के कार्य कर रही है।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at https://www.page3news.co.
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।